दिन– मंगलवार दिनांक– 03/11/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में नदियों की गाद से अब बनेंगी सड़कें। बिहार सरकार और केन्द्र सरकार के बीच हुआ नदी संजीवनी समझौता।

02. आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रदेशभर में आज हुआ सहयोग शिविर का आयोजन।

03. राजगीर में सत्ताईस नवंबर से तीन दिवसीय 'शक्ति संवाद' का होगा आयोजन। देशभर के महिला आयोग की अध्यक्ष होंगी शामिल।

04. और, आय से अधिक संपत्ति मामले में किशनगंज की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रूबी कुमारी के कटिहार और किशनगंज स्थित चार ठिकानों पर छापेमारी।

राज्य सरकार ने नदियों और अन्य जलाशयों से गाद निकालने तथा उसकी मदद से राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार के साथ समझौता किया है। आज नई दिल्ली में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय तथा बिहार सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। नदी संजीवनी नाम से हुए इस समझौते का उद्देश्य नदियों और जलाशयों की जलधारण क्षमता बढ़ाना और निकाली गई गाद का उपयोग सड़क निर्माण में करना है। इस अवसर पर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उपस्थित थे। श्री गडकरी ने कहा कि इस पहल से बाढ़ प्रबंधन, भूजल स्तर बढ़ाने और सड़क के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी।

———बाइट———

ये जो नदी संजीवनी है, नदी को नया जीवन मिलेगा और सड़क को मजबूत नींव मिलेगी। ये काम के लिए बिहार सरकार को कोई पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं है। नदी की शील्ड अब एन.एच.ए.आई. में रोड़ के काम के लिए लगेगा। तो ये नदी का खोलीकरण–बंदीकरण की गति अगर फास्ट होगी तो, बिहार में इरिगेशन है वो दोगुना होगा, तो किसान की बहुत प्रगति और विकास भी होगा और इसलिए इस एम.ओ.यू. में शील्ड का उपयोग है, सेंड का उपयोग है, वेस्ट मैटेरियल का उपयोग है, ये निश्चित रूप से एक नया जीवन देने वाला है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि नदी संजीवनी समझौते से राज्य में विकास के नये द्वार खुलेंगे।

———बाइट———

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से गंगा के दोनों किनारों पर फोरलेन सड़क बनाने का आग्रह किया।

———बाइट———

———————————————————————————————

आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आज प्रदेश की सभी पंचायतों और नगर निकाय क्षेत्रों में सहयोग शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को निर्धारित समय–सीमा के भीतर उनके निष्पादन के निर्देश दिए। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

सुपौल जिले के किशनपुर प्रखंड की राजपुर पंचायत में जिलाधिकारी सावन कुमार और पुलिस अधीक्षक शरद आर.एस. ने लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का तय समय–सीमा में निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं, जहानाबाद जिले के घोसी प्रखंड की शाहपुर पंचायत में आयोजित शिविर में जीविका के 69 स्वयं सहायता समूहों को दो करोड़ सात लाख रुपये के बैंक ऋण का सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। इधर, पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ सुमन ने शिविर में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। अरवल नगर परिषद में पांच सौ सैंतालीस आवेदन प्राप्त हुए जिसमें पांच सौ सात का मौके पर ही निष्पादन किया गया। पटना, गया, औरंगाबाद, गोपालगंज, मुंगेर, कटिहार और अररिया समेत प्रदेश के सभी जिलों की पंचायतों और नगर निकाय क्षेत्रों में भी सहयोग शिविर आयोजित किए गए। समाचार कक्ष से राहुल कुमार ।

———————————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने किशनगंज की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी–डीपीओ रूबी कुमारी के कटिहार और किशनगंज स्थित चार ठिकानों पर छापेमारी की है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाई की गयी है। डीपीओ पर आय से लगभग दो करोड़ पैंतालीस लाख रुपये अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। छापेमारी के दौरान किशनगंज से फ्लैट और गाड़ियों के कागजात जब्त किए गए हैं। आर्थिक अपराध इकाई के उपाधीक्षक मिथिलेश कुमार जायसवाल ने बताया कि छापेमारी में नकद, सोने–चांदी के आभूषण और जमीन के कागजात मिले हैं। कटिहार में उनका पांच मंजिला आलीशान मकान भी मिला है।

———बाइट———

———————————————————————————————

राज्य सरकार ने सहरसा नगर निगम के नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर लगभग आठ करोड़ चौवालीस लाख रुपये की चार विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता बरतने का आरोप है। नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से गठित पांच सदस्यीय जांच समिति ने मामले की जांच की थी। समिति की रिपोर्ट में निविदा प्रक्रिया और विकास कार्यों के निष्पादन में गंभीर अनियमितता की बात कही गई है।

———————————————————————————

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने गयाजी से दो अमीन अभिषेक कुमार और दीपक कुमार को सात हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। दोनों गिरफ्तार अमीन शिकायतकर्ता से ऑनलाइन मापी के एवज में रिश्वत ले रहे थे।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के बाबूबरही थाना के निलंबित सहायक उपनिरीक्षक– एएसआई चन्द्रमोहन सिंह पर पुलिस ने पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और गिरफ्तारी के लिए पांच विशेष टीमें गठित की गयी हैं। आरोपित एएसआई को निलंबित कर बर्खास्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

———बाइट———

गौरतलब है कि जिले के बलिराजपुर गांव में आरोपित एएसआई की फायरिंग में एक ग्रामीण की मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य घायल हो गए थे। आपसी विवाद के बाद स्थानीय लोगों ने एएसआई चन्द्रमोहन सिंह को घेर लिया था, जिसके बाद उसने कई राउंड फायरिंग की थी।

———————————————————————————

राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से राजगीर में सत्ताईस से उनतीस नवंबर तक तीन दिवसीय ‘शक्ति संवाद’ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें देशभर के विभिन्न राज्यों के महिला आयोगों की अध्यक्ष और एक सौ पचास से अधिक प्रतिनिधि

शामिल होंगी। बिहार राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने बताया कि कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण, महिलाओं की सुरक्षा और उनसे जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

———बाइट———

———————————————————————————————

भाजपा के देशव्यापी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत मोतिहारी में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद राधा मोहन सिंह ने युवाओं से लोकतंत्र को मजबूत बनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इधर, अरवल में भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

———————————————————————————————

पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य कैलाशपति मिश्र की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत कई नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इधर, उनके गृह जिले बक्सर के डुमरांव प्रखंड के बड़का ढकाइच गांव में भी इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कैलाशपति मिश्र का भव्य स्मारक बनाने और उनके नाम पर पुस्तकालय खोलने की घोषणा की।

———बाइट———

———————————————————————————————

सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी की अध्यक्षता में आज छपरा में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति– दिशा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क, बिजली, पेयजल, सिंचाई और शहरी विकास सहित एक सौ तीन एजेंडों की समीक्षा की गई।

लखीसराय में चार नई श्रम संहिताओं को लेकर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार चारपहिया वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई।

कैमूर जिले के चांद थाना क्षेत्र में पुलिस टीम पर हुए हमले के मामले में चार महिलाओं समेत उन्नीस लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

गोपालगंज के लगभग सौ युवाओं को नौकरी दिलाने का झांसा देकर लगभग पचानवे लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि फेसबुक पर नौकरी का विज्ञापन देकर दिल्ली के एक साइबर गिरोह ने युवाओं से ठगी की। ठगी के शिकार लोगों ने गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है।

किशनगंज जिले के तेघरिया रेलवे गुमटी के पास पुलिस ने एक ई–रिक्शा चालक को मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

रोहतास पुलिस ने एटीएम काटकर रुपये की चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को हरियाणा के नूर से गिरफ्तार किया है।

दरभंगा के नेहरू स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय राज्यस्तरीय अंतर प्रमंडल बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता के एकल वर्ग के मुकाबलों में पटना प्रमंडल ने दो आयु वर्गों में खिताब अपने नाम किया। इससे पहले पटना प्रमंडल ने अंडर–14 और अंडर–19 बालिका डबल्स वर्ग में भी चैंपियनशिप हासिल की थी।

---

01. प्रदेश में नदियों की गाद से अब बनेंगी सड़कें। बिहार सरकार और केन्द्र सरकार के बीच हुआ नदी संजीवनी समझौता।

02. आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रदेशभर में आज हुआ सहयोग शिविर का आयोजन।

03. राजगीर में सत्ताईस नवंबर से तीन दिवसीय 'शक्ति संवाद' का होगा आयोजन। देशभर के महिला आयोग की अध्यक्ष होंगी शामिल।

04. और, आय से अधिक संपत्ति मामले में किशनगंज की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रूबी कुमारी के कटिहार और किशनगंज स्थित चार ठिकानों पर छापेमारी।

समाप्त